संख्या-02/2025/001-02-24-1-2025-15-2023 टी0सी0

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 07 जनवरी, 2025

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लेखाशीर्ष 2045-103-03-03- में हो रही बचत धनराशि की पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विद्युत सुरक्षा निदेशालय के पत्र संख्या-10078 मु0/एक-5(बजट)/2024-25, दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष 2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क-103-संग्रहण प्रभार विद्युत शुल्क-03- विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अन्तर्गत मानक मद-03-मंहगाई भत्ता में बचत हो रही धनराशि रूपये 80,00,000/- (रूपये अस्सी लाख मात्र) में से धनराशि रूपये 50,00,000/- (रूपये पचास लाख मात्र) को व्यय करने हेतु आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) जिस मद में पुनर्विनियोग किया जा रहा है उस मद में पुनः अतिरिक्त् धनराशि की मांग नहीं जायेगी।

(2) पुनर्विनियोग की जाने वाली धनराशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।

(3) पुनर्विनियोग मात्र बजट की उपलब्धता हेतु सुनिश्चित किया जा रहा है. जिसका उपभोग वित्त नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(4) पुनर्विनियोग की जाने वाली धनराशि का सदुपयोग वित्तीय वर्ष में न करने और उन फलस्वरूप होने वाले आडिट आपत्ति का दायित्व आपका होगा।

(5) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 की शर्तों/दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-7/2023/बी-1-479/दस-2023-231/2023, दिनांक 01 अगस्त, 2024 की समस्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 50,00,000 (रुपये पचास लाख मात्र) को चालू वित्तीय 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय मानक मद 03 मंहगाई भत्ता के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।

संख्या-02/2025/001-02(1)-24-1-2025-15-2023 टी0सी0, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
2- प्रधान महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)-प्रथम, 15 ए, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, प्रयागराज-211001
3- कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-।।), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।